Bharat Petroleum
M/s. SHANTA SERVICE STATION
Quality & Quantity
Powai Chowk, Behind Shreeram Cinema, Ulhasnagar-4.
Tel.: 0251-2584077
Pure for Sure

दैनिक धनुषधारी
सिर्फ 2 रू.
ठाणे जिले का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
संस्थापक प्रधान संपादक स्व. श्री दिलीप जे. लालवानी
वर्ष-32, अंक 158, उल्हासनगर, मंगलवार 3 जून 2025 ( पृष्ठ 6 )
Mob. No. 9325937797
E-mail Add.:- newsddd@gmail.com dailydhanushdhari@yahoo.com
Post Regd No.THC/111/2024-2026
RNI No. 68359/93,
dhanushdharinews | Dhanushdhari | DhanushdhariN | Website - www.dailydhanushdhari.com

26 YEARS OF TRUST & ACADEMIC EXCELLENCE
SONAM TUITIONS
CATALYSTS FOR EXCELLENCE
XI-XII (SCI), MHT-CET, JEE & NEET
Associate with those who help you
Believe in Yourself



JOIN US NOW
FRESH BATCHES STARTING FROM 29th MAY 2025

# वर्क फ्रॉम होम से पैसे कमाने का झांसा देकर ठगा लाखों रुपया

बदलापुर (नि.स.)। लगातार सायबर ठगी का मामला सामने आने की बावजूद अभी भी लोग जागरूक नहीं हो पा रहे हैं। एक बार फिर बदलापुर में एक सायबर ठगी का मामला सामने आया जब एक 50 वर्षीय शख्स को तीन अज्ञात लोगों ने वर्क फ्रॉम होम से पैसे कमाने का झांसा देकर उससे लाखों रुपया ठग लिया। मिली जानकारी के अनुसार बदलापुर पश्चिम, रमेशवाड़ी परिसर में रहने वाले नितिन कुमार चंद्रकांत कान्हाले (50) ने अनय वर्मा, अन्ना गुप्ता तथा अवनी पांडे नाम के अज्ञात शख्स के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत बदलापुर पश्चिम पुलिस थाना में दर्ज करवाई है।

नितिन ने पुलिस को बताया कि 21 अप्रैल 2025 से 24 अप्रैल 2025 के बीच जब वह अपने घर में थे तब उन तीनों अज्ञात शख्स ने उन्हें मोबाइल फोन करके वर्क फ्रॉम होम से पैसे कमाने का झांसा दिया और उनका विश्वास हासिल किया. जब उन्होंने उसके बताए बैंक खाते में समय समय पर कुल 19 लाख 30 हजार रुपया भेज दिया और उन्हें ना तो कोई काम मिला और ना ही उनके पैसे नहीं मिले तब उन्हें उनके साथ ठगी का अहसास हुआ और आख़िरकार कल उन्होंने बदलापुर पश्चिम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई। बहरहाल मामले की जाँच पुलिस निरीक्षक धनंजय मोरे कर रहे हैं।

# पर्सनल लोन दिलाने की बात कहकर ठग लिए हजारों रूपये

बदलापुर (नि.स.)। दो लोगों ने 52 साल के एक शख्स को पर्सनल लोन दिलाने की बात कहकर उनसे लोन प्रोसेस के नाम पर उनसे हजारों रुपया ठग लिया। प्राप्त खबर के अनुसार बदलापुर पूर्व, कात्रप इलाके में रहने वाले जमुना बाबन बनसोडे (52) ने गौरव मयेकर तथा विजय गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत बदलापुर पूर्व पुलिस थाना में दर्ज करवाई है। अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि 16 मई 2025 से 22 मई 2025 के बीच जब वह अपने घर में थे तब मयेकर एवं गुप्ता ने उन्हें मोबाइल फोन करके पर्सनल लोन दिलाने की बात कहकर उनसे लोन प्रोसेस के नाम पर उनसे 46 हजार रुपया ठग लिया। आगे की जाँच सहायक पुलिस निरीक्षक अनुकूल दोंदे कर रहे हैं।

# चेन व पैसों की लालच में महिला ने गंवाया मंगलसूत्र

उल्हासनगर (नि.स.)। दो अज्ञात लोगों ने 48 साल की एक महिला को सोने का चेन एवं नकद रुपया देने का लालच देकर उनका सोने का मंगलसूत्र ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगर के कैंप पांच, गायकवाड़ पाड़ा नंबर 3 परिसर में रहने वाली वैशाली वासुदेव चिकने (48) ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हिल लाइन पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है।

अपनी शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि रविवार रात पौने आठ बजे वह पैदल जा रही थी तब कैंप पांच, दूध नाका परिसर में एक अज्ञात शख्स ने पहले उनसे कर्जत जाने का रास्ता पूछा और कुछ पैसे देने की बात कही। इस बीच एक और अज्ञात शख्स वहां आ गया और फिर दोनों ने उन्हें बातों में उलझाकर उन्हें अपना सोने का चेन व नकद रुपया देने का लालच देकर उनका 70 हजार रूपये का मंगलसूत्र ले लिया और इस दौरान अपना नकली सोने का चेन उन्हें थमा कर वहां से भाग निकले। मामले की जाँच पुलिस उपनिरीक्षक सालवे कर रहे हैं।

## ऑनलाइन फूड ऑर्डर करने वाले सावधान

# खराब खाना मिलने पर ज़ेप्टो सेंटर का लाइसेंस रद्द

मुंबई (नि.स.)। महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने धारावी में ज़ेप्टो के फूड लाइसेंस को रद्द कर दिया है। दरअसल एफडीए ने जब धारावी में अचानक छापा मारा तो पाया कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े कई नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। उसके बाद यह कार्रवाई की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री योगेश कदम के निर्देश के बाद अधिकारियों ने यह कार्रवाई की।

एफडीए अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, धारावी में ज़ेप्टो द्वारा किए गए खाद्य भंडारण का निरीक्षण किया गया। तब अधिकारियों ने पाया कि खाद्य पदार्थ अस्वास्थ्यकर और असुरक्षित स्थितियों में संग्रहीत किए जा रहे थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कुछ खाद्य पदार्थों पर फफूंद दिखा। जबकि कुछ खाद्य पदार्थ ठहरे हुए पानी के पास रखे गए थे। कोल्ड स्टोरेज यूनिट में भी आवश्यक तापमान नियंत्रित नहीं था। वहां का फर्श भी गीला और गंदा था। ताजा खाद्य पदार्थ एक्सपायर हो चुके खाद्य पदार्थों के पास रखे गए थे। नियमों के मुताबिक, उन्हें अलग-अलग जगहों पर रखा जाना चाहिए था। निरीक्षण के बाद एफडीए की अतिरिक्त आयुक्त अनुपमा पाटिल ने ज़ेप्टो की सुविधा का लाइसेंस रद्द कर दिया। लाइसेंस तब तक रद्द रहेगा जब तक कि ज़ेप्टो द्वारा सभी त्रुटियों को ठीक नहीं कर लिया जाता और एफडीए अपनी मंजूरी नहीं दे देता। हाल ही में, ज़ेप्टो के सीईओ आदित पालिचा ने दावा किया था कि प्रतिस्पर्धी बदनामी और झूठी जानकारी फैला रहे हैं।

**Staff Required**
**( SINDHI MALE )**
Qualification-B.COM PASSED
FOR ACCOUNTS
& FOR SALESMAN
Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
MOB.NO. 9307579475

# टीओके की संभावित भाजपा एंट्री से उलझा सियासी गणित, हर खेमे में बेचैनी






## न भावी, न पूर्व को टिकट, दोनों तरफ टेंशन बढ़ी!

उल्हासनगर (नि.स.)। उल्हासनगर मनपा चुनाव की तैयारियों के बीच शहर की राजनीति में एक बड़ी हलचल मच गई है। टीओके (टीम ओमी कालानी) के भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश की खबर ने न सिर्फ विपक्षी पार्टियों की नींदें उड़ा दी हैं, बल्कि बीजेपी के भीतर भी तनाव का माहौल बना दिया है। सूत्रों के अनुसार, यह तय माना जा रहा है कि आने वाले कुछ ही दिनों में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार गुट) को उल्हासनगर में एक बड़ा झटका लग सकता है। कालानी गुट सीधे बीजेपी में शामिल होकर चुनावी रण में कूद सकता है और वह भी संभवत महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष व भावी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की मौजूदगी में? यह सियासी घटनाक्रम हालही के 'कर्जत पैटर्न' की याद दिला रहा है, जहां एक साथ 11 से अधिक नगरसेवकों ने एनसीपी (एसपी) छोड़ भाजपा का दामन थामा था।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि टीओके के भाजपा में शामिल होते ही न केवल शहर में नए समीकरण बनेंगे, बल्कि बीजेपी व टीओके के कई वरिष्ठ नेताओं और नए चेहरों का गणित भी बिगड़ सकता है। नेताओं के लिए विशेष रूप से चिंता का विषय ये है कि 2017 के मनपा चुनाव में जब टीओके और बीजेपी ने युति की थी, तब बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष लाल पंजाबी, जोकि उस समय पार्टी के सबसे पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ताओं में से एक थे, उनका टिकट कट गया था। उन्होंने उस दौर में पार्टी को मजबूत करने के लिए काफी मेहनत की थी, जब बीजेपी के केवल दो ही नगरसेवक हुआ करते थे। परंतु युति धर्म निभाने के चलते जब लाल पंजाबी जैसे वरिष्ठ नेता की टिकट कट सकती है तो फिर युवा उम्मीदवारों का क्या होगा, यह सोचने का विषय है। क्योंकि अंदेशा लगाया जा रहा है कि अगर फिर से टीओके और बीजेपी में गठबंधन होता है या टीओके भाजपा में विलीन होती है, तो कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट पर संकट खड़ा हो सकता है। वहीं, भावी उम्मीदवारों में से अधिकतरों का सपना अधूरा रह सकता है जैसा कि चर्चाओं में कहा जा रहा है 'भावी-भावी रह जाएगा और पूर्व-पूर्व!'

बीजेपी की हालिया रणनीति यह संकेत दे रही है कि वह इस बार ज्यादा से ज्यादा युवाओं को टिकट देने के मूड में है। लेकिन अगर कालानी गुट भाजपा में आता है तो जो सीटें कालानी गुट के पास जाएंगी, वहां बीजेपी के उम्मीदवारों की दावेदारी खत्म हो सकती है। ऐसे में जो चेहरे वर्षों से पार्टी में कार्य कर रहे है या फिर जो नए चेहरे पार्टी से तैयारी कर रहे थे, पहली बार चुनाव लड़ने का सपना देख रहे थे, उनके लिए यह खबर चिंता का कारण बन गई है। बीजेपी में प्रवेश करते ही कालानी परिवार का 'पलड़ा' भारी हो जाएगा ऐसा राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है और इससे बीजेपी के अपने ही कार्यकर्ताओं की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर पानी फिर सकता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें कालानी के भाजपा प्रवेश की फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। हमारी पार्टी प्रोटोकॉल से चलती है। जो वरिष्ठ तय करेंगे, हम उसी दिशा में कार्य करेंगे। वहीं दूसरी ओर एनसीपी (शरद पवार गुट) के प्रवक्ता व कालानी परिवार के करीबी कमलेश निकम ने दैनिक धनुषधारी से हुई बातचीत में कहा कि हालिया कोर कमेटी और पूर्व नगरसेवकों की बैठक में यह तय किया गया है कि ओमी कालानी आगामी मनपा चुनाव को लेकर शहर हित में जो भी निर्णय लेंगे, हम सब उनके साथ हैं। खैर, कमलेश निकम का यह बयान टीओके के बीजेपी में जाने की संभावना को मजबूत करता है, क्योंकि टीओके गुट ने अब तक इससे इनकार नहीं किया है, बल्कि निर्णय का अधिकार टीओके प्रमुख ओमी कालानी को सौंप दिया है।

**बंगले पर हलचल, भव्य प्रवेश की तैयारी?**

सूत्रों की मानें तो बंगले से लगातार फोन कॉल्स किए जा रहे हैं, और एक भव्य पक्ष प्रवेश की तैयारी जोरों पर है। कहा जा रहा है कि इस बार उल्हासनगर में कालानी परिवार से जुड़े 19 के करीब पूर्व नगरसेवक बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। बहरहाल टीओके और बीजेपी का साथ आना सिर्फ चुनावी गठबंधन नहीं बल्कि विपक्षियों के लिए खतरे की घंटी है, और बीजेपी के भीतर का संभावित घमासान भी। जैसे-जैसे मनपा चुनाव नज़दीक आते जा रहे हैं, वैसे-वैसे उल्हासनगर में राजनीतिक उथल-पुथल का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि ओमी कालानी कब फैसला लेते हैं और उस फैसले का राजनीतिक भूचाल किसे हिला कर रख देगा।

# उल्हासनगर में डांस बार पर क्राइम ब्रांच की छापेमारी, 28 बारबालाएं समेत 44 पर केस दर्ज

## स्थानीय पुलिस की चुप्पी पर फिर उठे सवाल




उल्हासनगर (नि.स.)। कल्याण पुलिस की अपराध शाखा ने उल्हासनगर में आर्केस्ट्रा बार के नाम पर चल रहे एक डांस बार पर छापा मारकर 28 बारबालाएं समेत 44 लोगों के खिलाफ मध्यवर्ती पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवायी है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याण पुलिस की अपराध शाखा ने शनिवार देर रात कैंप तीन, 17 सेक्शन परिसर में स्थित पेराडाईज बार एन्ड रेस्टोरेंट पर छापा मारा जहां बार बालाएं कम तथा उत्तेजक कपड़े में अश्लील डांस करते हुए ग्राहकों को रिझाते हुए पकड़ी गई। जिसके बाद पुलिस ने बार के मैनेजर तारेश शेट्टी तथा सदानंद मंजुनाथ शेट्टी (52), कैशियर अंशुकुमार लक्षण गुप्ता (32), 5 महिला सिंगर, 28 बारबालाएं तथा 6 वेटर्स के खिलाफ मध्यवर्ती पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवायी है। मामले की जाँच सहायक पुलिस निरीक्षक महेश काले कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से नियमित ऐसा देखा जा रहा है कि कल्याण क्राइम ब्रांच, ठाणे क्राइम ब्रांच आदि एजेंसियों द्वारा डांस बारों, क्रिकेट सत्ता, लॉजिंग बोर्डिंग और नशे के कारोबारों जैसी अवैध गतिविधियों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि स्थानिक पुलिस आखिर क्या कर रही है? सूत्रों के अनुसार उल्हासनगर के मध्यवर्ती, विठ्ठलवाड़ी और हिललाइन पुलिस थानों के अंतर्गत कई डांस बार बिना किसी रोकटोक के संचालित किए जा रहे हैं, जहां नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसके बावजूद स्थानिक पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने के चलते अब ठाणे जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उल्हासनगर क्षेत्र पर विशेष नजर रखते हुए यहां क्रॉस रेड्स (दूसरे थानों की टीम द्वारा कार्रवाई) शुरू करवा दी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या स्थानिक पुलिस नशे के कारोबार, लॉजिंग बोर्डिंग, डांस बारों और देर रात तक चलने वाली दुकानों पर स्वयं कार्रवाई करेगी या फिर कल्याण, ठाणे आदि क्राइम ब्रांचों को ही बार-बार रेड करनी पड़ेगी?

## 'आधार तीर्थ' अनाथालय के बच्चों के साथ उत्साह से मनाया गया

# शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी का जन्मदिन




उल्हासनगर (नि.स.)। शिवसेना के वरिष्ठ नेतृत्व, शिवसेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी का जन्मदिन इस वर्ष अनूठे तरीके से मनाया गया। त्र्यंबकेश्वर स्थित 'आधार तीर्थ' अनाथालय के मासूम बच्चों ने उल्हासनगर में राजेंद्र चौधरी से मिलकर उन्हें प्यार भरी शुभकामनाएं दीं और समारोह में मानवता के बंधन की झलक देखने को मिली। रविवार 1 जून की सुबह 11 बजे विठ्ठलवाड़ी स्थित शिवसेना शाखा में आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व युवा सेना उल्हासनगर शहर शाखा की ओर से युवा सेना शहर अध्यक्ष राजेंद्र (बाला) श्रीखंडे ने किया। इस अवसर पर अनाथालय के बच्चों ने राजेंद्र चौधरी को हाथ से बनाए उपहार और ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए, जिसने उपस्थित सभी का दिल जीत लिया। राजेंद्र चौधरी ने बच्चों से बातचीत भी की और उन्हें प्यार, प्रोत्साहन और आशीर्वाद दिया।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामाजिक जागरूकता का संदेश है। युवासेना नेता बाला श्रीखंडे ने कहा कि आधार तीर्थ अनाथालय के बच्चों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित इस यात्रा ने एक बार फिर साहेब के सामाजिक कार्यों और उनके संवेदनशील नेतृत्व को उजागर किया। उपस्थित शिवसैनिकों, युवा सेना कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की। वे आगे कहते है कि , 'साहेब का जन्मदिन सिर्फ एक उत्सव नहीं है, बल्कि समाज के वंचित वर्गों को करीब लाने का एक प्रेरक प्रयास है। हमने उनके काम और मानवता को सलाम करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया।' इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता, स्थानीय नेता और उल्हासनगर के नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा सेना उल्हासनगर शहर शाखा को सभी स्तरों से बधाई दी गई। इस कार्यक्रम में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, शिवसेना नेता दिलीप गायकवाड, कलवंत सिंह सहोता, के.डी. तिवारी, सुरेश सोनवणे, महेंद्र पाटिल, विल्सन डिसूजा, केशव ओवलेकर, पप्पू वाघ, विजू पाटिल, युवा सेना के शहर सचिव दीपक रत्नाकर, युवासेना के उप शहर अध्यक्ष कल्पेश वाघ, नीलेश माने, जावेद शेख, रोहन निकारगे, विभाग अध्यक्ष सचिन पाटिल, गोपाल चव्हाण, प्रशांत घाडगे, प्रभाग क्रमांक 1,2,3 के शाखा अध्यक्ष, उप शाखा अध्यक्ष तथा समस्त शिवसैनिक, युवा सैनिक एवं नागरिक उपस्थित थे।

HSNC
MIM
H. & G. H. Mansukhani Institute of Management
(Approved by AICTE, Affiliated to University of Management)
Smt. CHM College Campus, Ulhasnagar - 421003
MBA / MMS Admissions
Why choose MIM?
1. Sindhi Minority-51%
2. State of Art of Infrastructure
3. Assured Placements
4. Financial Assistance
5. Personal Attention
6. Industrial Visits




Visit the campus
Contact no.: 0251-2571867
Our Website: www.hsncmim.in



MARKA PAGDI
IN THE LOVING MEMORY OF
**LATE SMT. SEEMA TULSI HOTWANI**
On 04/06/2025, Wednesday, 5:00 p.m.at Bramhkumari's Hall (Chhatri), Gol Maidan, Ulhasnagar-421001.
Seva main :
Shri Tulsi Hotwani, Adv. Vijay T. Hotwani, Sanjay T. Hotwani & Hotwani Family

## पगड़ी रस्म (मार्का पगड़ी)



बड़े ही दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती भारती रमेशलाल नागरानी जी**
1 जून, 2025 को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर परमपिता परमात्मा धाम सिधारी
**अतः उनकी पगड़ी रस्म**
**मंगलवार, 3 जून, 2025 को शाम 5:00 से 5:30 बजे तक**
पूज चालिहा साहब मंदिर (ज्योत हॉल), उल्हासनगर-5 में रखी गयी है

-: शोकाकुल :-
रमेशलाल नागरानी -( पति )
शंकर नागरानी ( जॉली प्रिन्टर्स ) -( देवर )
विनोद नागरानी, विजय ( बाबु ) कन्हैयालाल नागरानी,
हितेश कन्हैयालाल नागरानी -( भतीजे )
नागरानी कुटुम्ब-परिवार
संपर्क सूत्र:- 9822092863

संपादकीय

# मुंबई-दिल्ली महानगरों गर्मी का बढ़ना खतरे की घंटी

दुनिया भर में बढ़ते तापमान के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। जलवायु विशेषज्ञों की राय है कि वैश्विक तापमान को अगर हम स्थिर नहीं रख पाए, तो डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की सीमा को पार कर जाएंगे। हकीकत यही है कि जलवायु संकट हमारी देहरी तक आ पहुंचा है। इससे निपटने के लिए कहीं कोई संजीदगी नहीं दिखाई देती। नतीजा यह कि इसका प्रतिकूल असर अब भारत सहित दुनिया भर में दिखाई देने लगा है। कोई कारगर रणनीति नहीं बनी, तो गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे जनहानि और स्वास्थ्य का जोखिम बढ़ गया है।फिलहाल मौसम की बदली तस्वीरें डराने लगी हैं। इसी हफ्ते जहां राजस्थान में भीषण लू से लोगों को सजग किया गया, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में बारिश की चेतावनी जारी की गई। लगातार बारिश से इस समय बंगलुरु बेहाल है। वहां जन-जीवन ठहर सा गया है। ऐसे में 'काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' की रपट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके मुताबिक देश में गर्म दिनों की तुलना में गर्म रातों की संख्या बढ़ रही है।मुंबई, दिल्ली, भोपाल, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे घने शहरी इलाकों में गर्मी का जोखिम बढ़ना खतरे की घंटी है। इस समय देश के सत्तावन फीसद जिले जोखिम में बताए जा रहे हैं। इन जिलों में छिहत्तर फीसद आबादी रहती है। गर्म रातों की संख्या बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों की सेहत पर असर पड़ेगा। क्योंकि रात में तापमान अधिक रहने से शरीर को आराम नहीं मिलता।दरअसल, उन्हीं इलाकों में गर्म रातों की संख्या बढ़ी है, जहां आबादी सघन है। इससे वस्तुस्थिति को समझा जा सकता है। दरअसल, न तो हमें प्रकृति की चिंता है और न ही कार्बन उत्सर्जन रोकने की फिक्र। आधुनिक जीवन शैली ने भी समस्या बढ़ाई है। यह स्थिति अकेले भारत ही नहीं, अन्य देशों में भी है। भारत सहित पूरे विश्व ने 2024 में सबसे गर्म वर्ष का सामना किया। मौसम के बदल रहे मिजाज को भांपते हुए हम जलवायु संकट के प्रति कब सजग होंगे?

संपादक,टीकम लालवानी

**सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज़ फायर हो गया।**

# युद्ध काल में लक्ष्मणरेखा लांघता विपक्ष

(मृत्युंजय दीक्षित)

विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए क्रूर आतंकी हमले की सूचना मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गए, प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा बीच में ही रोक कर वापस आए, एअरपोर्ट पर ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और अगले ही दिन आतंकियों और उनके पीछे पीछे शत्रुओं को ऐसा दंड देने की घोषणा की जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके बाद सरकार के सभी अंग अपने अपने काम पर लग गए और विपक्ष सरकार का उपहास उड़ाने में। सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज़ फायर हो गया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह युद्ध विराम नहीं मात्र स्थगन है, ऑपरेशन सिन्दूर जारी है। वर्तमान में भारत के सर्वदलीय सांसद समूह विश्व के अलग अलग देशों में भारत का पक्ष रखने पहुंचे हुए हैं।

विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है। ऑपरेशन सिन्दूर लांच होने से पूर्व, सीज फायर की घोषणा और फिर संसदीय दलों की सूची बनने तक राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के नेता जिस प्रकार की बयानबाजी, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं कर रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वास्तव में इन दलों द्वारा आपदकाल में एकजुट रहने की बात करना एक कोरा दिखावा मात्र है।

जी, देश को सच्चाई जानने का हक है

कांग्रेस ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की बिना सिर की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की और उसके ऊपर गायब लिखा, सोशल मीडिया पर हुए भारी विरोध के बाद भी कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की हेड उसका बचाव करती रहीं लेकिन बाद में मजबूरन उनको वह पोस्ट हटाना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का उपहास उड़ाया। कुछ विरोधियों ने तो दो कदम आगे बढ़कर इसे चुनावी स्टंट तक बता दिया। ये लोग लगातार प्रधानमंत्री के मीम सोशल मीडिया पर डालते रहे।

विमर्श बदलने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इन्होने पहलगाम की घटना को हल्का करने और इस सत्य पर चूना पोतने का प्रयास किया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर केवल हिन्दू पुरुषों को मारा। मीडिया बहसों के दौरान किसी भी विरोधी दल के प्रवक्ता ने यह नहीं कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर मारा है अपितु वह सभी लोग यही कहते रहे कि आतंकवादियों ने कुछ निर्दोष लोगों को मार दिया। साथ ही मुस्लिम परस्त विरोधी दलों के नेता लगातार ये कहने लगे कि किसी एक के आतंकवादी होने से पूरी कौम को आतंकी नहीं कह सकते जबकि उस समय यह विषय ही चर्चा करने का नहीं था।

ऑपरेशन सिंदूर स्थगन के बाद से राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेता व प्रवक्ता सरकार के विरोध की लक्ष्मण रेखा लांघ कर उसे राष्ट विरोध में बदल रहे है। राहुल गांधी, इंडी गठबंधन व उनके प्रवक्ता मीडिया के सामने जो प्रश्न कर रहे हैं वो पाकिस्तान व आतंकवादियों के लिए कवर फायर देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एक छुटपुट घटना लग रही है। इन लोगों के अनुसार यह ऑपरेशन 24 घंटे में ही फुस्स हो गया। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पाकिस्तान प्रेम तो अद्भुत ही उनका कहना है कि अपने पाकिस्तान से युद्ध चल रहा है।



राहुल गांधी व इंडी गठबंधन ने आज तक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा नहीं की है अपितु वह पूछ रहे हैं कि इस ऑपरेशन में हमने कितने पायलट खो दिये हैं, हमारे कितने विमान नष्ट हुए। कांग्रेस प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर ऑपरेशन सिंदूर को सौदा बता रहे हैं। विपक्ष उसी तरह से बौखलाया दिख रहा है जिस तरह से पाकिस्तान।

अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्टीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको मुखबिर कह रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी उरी से लेकर पुलवामा और पहलगाम तक हर घटना पर संदेह व्यक्त किया है और कभी भी पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोली। इतना ही नहीं इन्होने पुलवामा के बाद हुई एयर स्ट्राइक का सबूत भी माँगा। वर्तमान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में जा चुकी है। आज वो लोग सरकार व सेना पर सवाल उठा रहे हैं जिनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के कारण आज आतंकवाद व आतंकवादी नासूर बन गये हैं। वो लोग सवाल उठा रहे हैं जिनके रहते कश्मीर घाटी में हिन्दुओं के साथ 1980- 90 के दशकों में खून की होली खेली गई और कश्मीर घाटी हिन्दुओं से विहीन कर दी गई। इन सभी दलों को 2004से 2014 तक का काला दौर याद रखना चाहिए जब देश का कोई भी कोना आतंकवादी हमलों से नहीं बच पा रहा था किंतु आज स्थित एकदम उलट गई है। कांग्रेस के मूर्धन्य लोगों को यह बताना ही होगा कि इन लोगों ने मुंबई बम धमाकों के बाद क्या किया था?

राहुल गांधी की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पाकिस्तान और चीन के लिए जासूसी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से घायल पाकिस्तान ये जानना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर से हमें तो नुकसान हुआ किंतु क्या भारत को भी नुकसान हुआ यदि हाँ तो कितना? अब राहुल गाँधी इसी काम में लगे हैं। यदि राहुल गांधी को सेना पर भी विश्वास होता तो इन्होने डीजीएमओ की प्रेस वार्ताएं सुनी होतीं जिनमें भारतीय पक्ष को विस्तार से समझाया गया था किन्तु निजी स्वार्थ की राजनीति सेकरने वाले इन लोगों को मुस्लिम वोट बैंक के आगे कुछ और दिखाई नहीं देता। राहुल गांधी भारत में विपक्ष के नेता हैं और वह जो भी बोलते हैं उसे पाकिस्तान में अवश्य सुना जाता है।

राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी इनती विचार शून्य हो चुकी है कि इसने भारत सरकार का पक्ष उचित रूप से रखने पर अपने ही नेता शशि थरूर का अपमान करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल में शामिल किये जाने पर कांग्रेस ने अपने योग्य, विदेश मामलों के जानकार तथा अनुभवी सांसद को लेकर ही बवाल मचा दिया। इस पूरे घटनाक्रम से यह बात स्पष्ट हो गई है जल्दी ही कांग्रेस दो भागों में विभाजित दिखाई देगी जिसमें जिसमे एक गुट देशहित में सोचने वाले नेताओं का होगा और दूसरा डीप स्टेट समर्थित राहुल गाँधी परिवार का। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अवैध घुसपैठ पर भारत का साफ संदेश

(वेद आलोक)

हर देश की अपनी सीमाएं होती हैं, और उन सीमाओं की रक्षा करना किसी भी राष्ट की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। जब कोई व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के, छुपकर या नियमों को तोड़ते हुए किसी देश में प्रवेश करता है, तो उसे 'अवैध घुसपैठिया' कहा जाता है। भारत में भी कई वर्षों से अवैध घुसपैठ की समस्या बनी हुई है, विशेषकर बांग्लादेश से आने वाले लोगों की संख्या चिंताजनक रही है। अब भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है और साफ संदेश दिया है कि अवैध घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## अवैध घुसपैठ क्या है?

अवैध घुसपैठ का अर्थ है कि कोई व्यक्ति किसी देश की सीमा में बिना वैध पासपोर्ट, वीजा या दस्तावेजों के प्रवेश करता है। यह प्रवेश चोरी-छिपे होता है, जिससे न केवल देश की सुरक्षा को खतरा होता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन भी प्रभावित होता है।

## समस्या की गंभीरता

भारत के पूर्वी हिस्सों, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और बिहार में लंबे समय से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी देखी जा रही है। ये लोग आम नागरिकों की नौकरियों, संसाधनों और सुविधाओं पर भी असर डालते हैं। इसके अलावा, कई बार इन अवैध लोगों में से कुछ अपराधों में भी लिप्त पाए जाते हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा को खतरा होता है।

## भारत सरकार की सख्ती

हाल ही में सरकार ने 2369 अवैध घुसपैठियों की पहचान की है और उनकी नागरिकता की पुष्टि के लिए बांग्लादेश से अनुरोध किया है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन लोगों को बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। यह कदम स्पष्ट रूप से बताता है कि भारत अब अपनी सीमाओं और नागरिकता कानूनों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा।

## इस कदम की आवश्यकता क्यों थी?

1. **राष्ट्रीय सुरक्षा-** अवैध प्रवासी अक्सर निगरानी से बाहर होते हैं, जिससे देश की सुरक्षा प्रणाली को खतरा होता है।
2. **सामाजिक तनाव-** ये घुसपैठिए सीमित संसाधनों जैसे नौकरी, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य आदि में भागीदारी करते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष उत्पन्न होता है।
3. **राजनीतिक अस्थिरता-** अवैध नागरिकों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कई बार देखा गया है, जिससे लोकतंत्र पर भी असर पड़ता है।
4. **आर्थिक बोझ-** सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ये लोग सरकारी खर्च बढ़ाते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है।


## भारत का रुख और भविष्य की दिशा

भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब नागरिकता और पहचान के आधार पर ही देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों पर भी सख्त निगरानी होगी। इसके लिए सरकार ने एनआरसी (नेशनल रजिस्टर आफ सिटिजन), सीएए सिटिजन एमेंटमेंच एक्ट जैसे कदम उठाए हैं।

बिन्दु मिलाओ और कलर करो...



# वर्ग पहेली 5591



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1961 को इस अमेरिका के प्रथम अश्वेत एंव 44 वें राष्ट्रपति ने जन्म लिया था (6)
7. निराकरण या समाधान करना (5)
8. सड़क, मार्ग (अंग्रेजी)(2)
9. पहर-पहर पर घंटा बजने का शब्द, समय घोष (3)
10. चोचला, ठसक, हाव-भाव (3)
12. अज्ञात, अप्रसिद्ध, नामहीन, अख्यात (4)
13. दूरदर्शन पर पूर्व प्रसारित धारावाहिक महाभारत के संगीतकार (5)
14. युवराज, नवाबज्यादा, पुरानी फिल्मों के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता (5)
17. भगवान, ईश्वर, प्रभु (4)
18. जिंदगी, हयात, पुरानी फिल्मों के ये अभिनेता अपनी खल-भूमिका के लिए जाने जाते थे (1915-1987) (3)

**ऊपर से नीचे**

1. यह अरब देश है जिसमें 33 छोटे-छोटे द्वीप शामिल है इस देश की राजधानी मनामा है (4)
2. लार, वार्निश, गोंद (2)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. अभिमुखता, दिशा में, तरफ (2)
5. वेष, विन्यास, पहनावा, पोशाक (2)
6. मुगल शासक अकबर के शासन काल में नवरत्नों में से एक थे जिसने भूमि पैमाईश का आयोजन किया था (5)
8. वह डायरी जिसमें प्रतिदिन की कार्यवाही का विवरण लिखा जाता है (5)
9. खुशबू, महक, संगीत का विशेष कंपन (3)
11. शास्त्रीय संगीत में षड्ज स्वर (3)
12. परस्पर निर्वाह या जीवन निर्वाह, रास्ता (3)
13. महर्षि वाल्मीकि का प्रसिद्ध पौराणिक ग्रंथ (4)
14. प्रेम करना, अजीज मानना, दिल में जगह देना, मन लगाना, रीझना (3)
15. 332 द्वीप वाले द्वीपपुंज की राजधानी सुवा है (3)
16. गौरव की भावना, प्रतिज्ञा, संकल्प (2)

**वर्ग पहेली 5590 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | य | दे | व | | सा | के | त |
| ग | म | न | | बा | त | | पा |
| दं | | दा | वा | | हिं | स | क |
| बा | ब | र | | गा | दु | र | |
| | र | | रे | | स्ता | | भू |
| अ | सी | म | | सो | नी | प | त |
| टू | | शा | ना | | | | ना |
| ट | ह | ल | ना | | श | प | थ |

रास्ता खोजो...



Reliance AUTHORISED DEALER
Konark Enterprises Pvt. Ltd.
Fully Computerised Weigh Bridge 50 TON
100% Quality & Quantity
Reliance Petrol Pump, Near Sai baba Mandir, Ambarnath




# सेहतमंद रहने के लिए बेहद जरूरी है यह मिनरल, मिलते हैं ये 3 फायदे

**सोडियम और कैल्शियम जैसे मिनरल्स के बारे में तो आप सभी जानते होंगे लेकिन क्या आपको मालूम है कि मैग्निशियम हमारे शरीर के लिए क्यों जरूरी है।**

सेहतमंद रहने के लिए हमें कई तरह की विटामिन और मिनरल्स की जरूरत पड़ती है, अधिकतर हम कैल्शियम, सोडियम आयरन को ही तरजीह देते हैं, लेकिन आपको बता दें कि मैग्नीशियम भी हमारी सेहत के लिए उतना ही जरूरी है इसकी कमी के कारण कई तरह की समस्याएं हो सकती है। मैग्नीशियमसे हमें क्या क्या- फायदे हो सकत हैं, इस बारे में आइए जानते हैं।

## मैग्निशियम हमारे लिए क्यों जरूरी है

सोडियम कैल्शियम और पोटेशियम के बाद मैग्नीशियमफोर्थ मोस्ट कॉमन मिनरल है, इससे न सिर्फ मसल्स को फायदा होता है बल्कि इससे नर्व फंक्शन और बोन फॉरमेशन करने में भी मदद मिलती है। यह बोन स्ट्रक्चर और उम्र बढ़ाने के साथ बोन डेंसिटी को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके साथ ही यह एंग्जाइटी, इनसोम्निया, माइग्रेन मैं भी मदद कर सकता है। यह नर्वस सिस्टम को शांत करता है और ब्रेन को आराम देने में मदद करता है, जिससे कोर्टिसोललेवल कम होता है। रोजाना हमें 200 ग्राम से 300 ग्राम तक मैग्नीशियम की जरूरत होती है। एक्सपर्ट बताते है कि अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी है, आप एंटाएसिड पर रहते हैं, आपको क्रॉनिक डायरिया है अल्कोहल का सेवन करते हैं और स्मोकिंग करते हैं तो इससे मैग्नीशियम का अब्जॉर्प्शन नहीं हो पाता है।


## मैग्नीशियम के सोर्स

नट्स जैसे बादाम, अखरोट, काजू, कद्दू के बीज, एवोकाडो, पालक या हरी पत्तेदार सब्जियों में मैग्नीशियम की भरपूर मात्रा होती है।






**क्या आप भी वजन घटाना चाहती हैं? तो पिस्ता को अपनी डाइट में शामिल कर सकती है। आइए, यहां जानते है कि एक दिन में कितने पिस्ता खाने से वजन घटाने में मदद मिल सकती है।**



# एक दिन में इतने पिस्ता खाने से घट सकता है वजन, एक्सपर्ट से जानें

ड्राई फरूट्स को हेल्थ के लिए हमेशा फायदेमंद माना जाता है। हेल्दी ड्राइफरूट्स में बादाम, अखरोट और काजू की सबसे ज्यादा बात की जाती है। लेकिन बहुत कम लोग ही जानते हैं कि पिस्ता गुणों की खादान है। पिस्ता सिर्फ हेल्थ के लिए फायदेमंद ही नहीं, बल्कि वजन मैनेज में भी मदद करता है। पिस्ता में ऐसे फाइबर कंटेंट होते हैं जो फूड क्रेविंग्स और भूख को कंट्रोल करते हैं, जिससे वजन को मेंटेन करने में मदद मिलती है।

ऐसे तो सोशल मीडिया पर वजन मैंटेन करने के लिए कई सारे टिप्स मौजूद हैं, जिसमें तरह-तरह के नट्स और ड्राईफरूट्स खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन पिस्ता में दूसरे ड्राईफरूट्स के मुकाबले कम कैलोरीज होती हैं, जो वजन को मैनेज करने में मदद करती है। अब सवाल उठता है कि वजन मैनेज करने के लिए एक दिन में कितना पिस्ता खाना चाहिए, इसके लिए हमने एक्सपर्ट से बात की है। एक्सपर्ट के मुताबिक, पिस्ता एक बेहतरीन हेल्दी स्नेक है। पिस्ता खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो अपना वजन मैनेज करना चाहते हैं। पिस्ता खाने से कंपलीट हाई क्वालिटी प्लांट प्रोटीन मिलता है, जो एक जरूरी मैक्रोन्यूट्रियंट है। वजन कंट्रोल करने में पिस्ता मददगार साबित हो सकता है।

एक्सपर्ट के मुताबिक, पिस्ता में प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स मौजूद होते हैं, जो आपको फुल महसूस कराते हैं। इससे आप अपने खाने की मात्रा को कंट्रोल कर सकते हैं और ओवर इटिंग से भी बच सकते हैं।

पिस्ता को लेकर कई तरह की रिसर्च सामने आ चुकी हैं, जिनमें पिस्ता को बेहतरीन स्नेक बताया गया है। क्योंकि इसमें मौजूद तत्वों से डाइजेशन स्लो होता है और भूख भी कम लगती है। नाश्ते और लंच के बीच लगने वाली भूख के लिए पिस्ता एक बेहतरीन स्नेक की तरह हो सकता है।

## एक दिन में कितना पिस्ता खाएं?

एक्सपर्ट के मुताबिक, 28 ग्राम कैलिफोर्निया पिस्ता में 6 ग्राम प्रोटीन और 3 ग्राम फाइबर मिलता है। एक दिन में लगभग 28 ग्राम पिस्ता खाना आपको वजन मैंटेन करने में मदद कर सकता है। पिस्ता में 30 तरह के जरूरी न्यूट्रियंट्स होते हैं और 90 पर्सेंट अनसेचुरेटेड हार्ट-हेल्दी फैट मौजूद होते हैं।

## पिस्ता खाने के फायदे

- पिस्ता बॉडी मास इंडेक्स कंट्रोल करने में भी मदद करता है। पिस्ता को लिमिट और कंट्रोल तरह से खाने से वजन के साथ-साथ लटकता पेट भी कम हो सकता है।
- पिस्ता वजन घटाने के साथ-साथ दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रोल लेवल कंट्रोल में रहते हैं, जिससे दिल की तंदरुस्ती बनी रहती है.
- पिस्ता को आंखों के लिए भी अच्छा माना जाता है। पिस्ता में एक ऐसा तत्व मौजूद होता है, जो आंखों की रोशनी तेज करने में मदद कर सकता है।
- पिस्ता में मौजूद तत्व, डायबिटीज और हाई ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में भी मदद करते हैं।
- पिस्ता में मेमलाटोनिन नाम का एक तत्व होता है जो नींद की समस्या को दूर करता है. साथ ही पिस्ता में कई ऐसे तत्व होते हैं जो मौसमी बीमारियों से भी शरीर को बचाते हैं।

## क्यों दूसरे ड्राईफरूट्स के बीच पिस्ता चुनें?

जब भी ड्राईफरूट्स या नट्स की बात आती है, तो ज्यादातर लोगों की पसंद बादाम और अखरोट रहते हैं. लेकिन पिस्ता में सबसे कम कैलोरी होती होती है। कम कैलोरी होने की वजह से आप इसे खाना फायदेमंद हो सकता है. एक पिस्ता में सिर्फ 3 कैलोरी होती है, वहीं एक बादाम में 10 कैलोरी मौजूद होती है। पिस्ता में मिनरल्स के साथ-साथ विटामिन बी भी मौजूद होता है। बादाम के बाद हरे नट्स में सबसे ज्यादा प्रोटीन पाया जाता है।

## क्या पिस्ता बढ़ा सकता है वजन?

पिस्ता खाने के अनेकों फायदे हैं, लेकिन किसी भी चीज को लिमिट से ज्यादा खाना नुकसान पहुंचा सकता है। पिस्ता भी अगर लिमिट में खाया जाए तो वह शरीर का वजन नहीं बढ़ाता है और हेल्थ के लिए भी फायदेमंद रहता है। पिस्ता को लिमिट में खाने के लिए ऐसी सलाह दी जाती है कि इसे शेल वाला पिस्ता यानी बिना छिले हुए पिस्ता लेने चाहिए।

# सेहत के लिए बेहद लाभकारी है यह लाल फल

नाशपाती तो आप सभी ने खाई होगी। यह मानसून में खूब मिलता है। खट्टा मीठा स्वाद इसका खूब पसंद आता है। अमूमन लोग हरे या पीले कलर की नाशपाती खाते हैं लेकिन क्या आपको मालूम है कि लाल रंग की भी नाशपाती होती है,जो की सेहत को काफी ज्यादा फायदा पहुंचती है।

## लाल नाशपाती खाने के फायदे

लाल नाशपाती खाने से दिल के सेहत को बनाए रखने में मदद मिलती है इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट हानिकारक मुक्त कणों को भी असर करने में मदद करते हैं ऑक्सीडेटिव छाती और सूजन को रोकते हैं जो हृदय रोग में योगदान कर सकते हैं।

लाल नाशपाती खाने से पाचन तंत्र को भी स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है इसमें उच्च मात्रा में फाइबर होता है जो आंतो की गतिशीलता को सुधरता है गैस कब्ज जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाता है।

इसे खाने से त्वचा को भी फायदा मिलता है विटामिन सी और फ्लेवोनॉयड से भरपूर लाल नाशपाती त्वचा को मुक्त कणों से बचते हैं उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में सहायक होते हैं।

लाल नाशपाती में कैलोरी की बहुत कम मात्रा होती है और इसकी उच्च फाइबर सामग्री वजन नियंत्रित करने में सहायक हो सकती है जब आप फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ कहते हैं तो आपको भूख बार-बार नहीं लगती है और कम खाने से आपका वजन कम हो सकता है।

इससे आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है यह शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है इसमें विटामिन के होता है जो हड्डियों के लिए काफी जरूरी है पोटेशियम होता है जो शरीर में फ्लूड संतुलन बनाए रखने में मदद करता है।


## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं एन.लुल्ला अंसारी उर्फ अलनुल जलिल अंसारी आम जनता को सूचित करना चाहता हूँ कि मैंने श्री नानिकराम बाशोमल वधरिया से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 25/09/1993 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- शॉप नंबर 8 (शॉप नंबर 308), एम.जे.मार्केट, यू नंबर 350, शीट नंबर 62, बैरक नंबर 464 के सामने, उल्हासनगर-2 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 23बीआई018030500 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं एन.लुल्ला अंसारी उर्फ अलनुल जलिल अंसारी अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहा हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- एन.लुल्ला अंसारी उर्फ अलनुल जलिल अंसारी।** (U)

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं गीता अशोककुमार ममोत्रा आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्री दिपक बालचन्द जयसिंघानी व वाशदेव मोटूमल खेमचंदानी से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट दिनांक 23/6/2012 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- शॉप नंबर 8, ग्राउंड व मेजनिन फ्लोर, मोना मार्केट, यू नंबर 334, शीट नंबर 36, बैरक नंबर 457 के पास, उल्हासनगर-2 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 22बीआई016820600 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं गीता अशोककुमार ममोत्रा अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- गीता अशोककुमार ममोत्रा।** (U)

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं जोगेन्द्र सिंह साजन सिंह लबाणा आम जनता को सूचित करना चाहता हूँ कि श्री भजनसिंह सुगनासिंह लबाणा, श्री चरणसिंह सुगना सिंह लबाणा व श्री त्रिलोकसिंह सुजान सिंह लबाणा ने अपनी मालकी वाली प्रापर्टी का हक्क-वास्ता मुझे नोटरी रिलीज डीड सीरियल नंबर 1327, दिनांक 27/5/2025 के माध्यम से सौंपा है। प्रापर्टी का विवरण है:- 3 शॉप, बैरक नंबर 673, उल्हासनगर-2 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 24बीओ017110800 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं जोगेन्द्र सिंह साजन सिंह लबाणा अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहा हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। (U)

**सही:- जोगेन्द्र सिंह साजन सिंह लबाणा।**

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं लीना गोबिन्द खानवानी आम जनता को सूचित करना चाहता हूँ कि श्रीमती अनिषा संजय भगत (मेनका गोबिन्द खानवानी), श्रीमती प्रित बंटी शर्मा (रेनुका गोबिन्द खानवानी) व श्री विजय गोबिन्द खानवानी ने अपनी मालकी वाली प्रापर्टी का हक्क-वास्ता मुझे नोटरी रिलीज डीड सीरियल नंबर 474, दिनांक 31/5/2025 के माध्यम से सौंपा है। प्रापर्टी का विवरण है:- फ्लेट नंबर 15, 4था माला, सतनाम बी अपार्टमेंट, ब्लॉक ए-62, रूम नंबर 372, नाना नानी पार्क के पास, उल्हासनगर-1 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 13बीआई015470400 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं लीना गोबिन्द खानवानी अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रहा हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- लीना गोबिन्द खानवानी।** (U)




# केले का शेक पीने के हैं शौकीन तो पहले जान लीजिए इसके नुकसान

**बहुत से लोगों को केला खाने की जगह उसका शेक पीना काफी अच्छा लगता है। हालांकि, केले के शेक को पीने से आपको कई तरह के नुकसान उठाने पड़ सकते हैं।**

बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर किसी को केले का शेक बनाकर पीना काफी अच्छा लगता है। कभी सुबह नाश्ते के समय तो कभी इवनिंग स्नैक टाइम पर जब हल्की भूख लगती है तो ऐसे में केले का शेक आपको फुलर अहसास करवाता है। केले का शेक बनाने में बहुत अधिक समय भी नहीं लगता है और यह बहुत अधिक टेस्टी भी होता है, इसलिए हर कोई इसे पीना काफी पसंद करता है।

लेकिन क्या आपको पता है कि केले के शेक को सेहत के लिहाज से बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। केला और दूध एक अच्छा कॉम्बिनेशन नहीं है। हालांकि, दोनों ही अपने आप में बेहद पौष्टिक हैं, लेकिन इन्हें एक अच्छा फूड कॉम्बिनेशन नहीं माना जाता है। जब केले को दूध में ब्लेंड करके उसका शेक बनाया जाता है तो इससे आपकी सेहत को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन रितु पुरी आपको बता रही हैं कि केले का शेक बनाकर पीना एक अच्छा आइडिया क्यों नहीं है-

## बढ़ सकता है वजन

अगर आप वेट लॉस जर्नी पर हैं तो ऐसे में केले का शेक पीना बिल्कुल भी अच्छा विचार नहीं है। केले के शेक में कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, खासकर अगर इसे फुल-फैट दूध, चीनी या आइसक्रीम के साथ बनाया जाए। इन्हें बार-बार पीने से आपका वजन बढ़ सकता है।

## ब्लड शुगर हो सकता है स्पाइक

अगर आपको डायबिटीज या इंसुलिन रेसिस्टेंस की शिकायत है तो ऐसे में आपको केले का शेक बनाकर पीने से परहेज करना चाहिए। केले में नेचुरल शुगर होती है और जब इसे शेक के रूप में दूध के साथ ब्लेंड करके पिया जाता है, तो यह शुगर ब्लडस्ट्रीम में तेजी से अब्जॉर्ब हो जाती है। कई बार इसमें हम स्वीटनर या अन्य हाई शुगर फ्रूट को भी शामिल कर लेते हैं, जिससे आपकी स्थिति और भी खराब हो सकती है।

## डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं

अगर आप केले का शेक अधिक मात्रा में लेते हैं तो इससे आपको डाइजेशन से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि केले में फाइबर की मात्रा अधिक होती है। जब लोग जरूरत से ज्यादा केले का शेक पीते हैं तो उन्हें ब्लोटिंग, गैस या कब्ज की शिकायत हो सकती है। इतना ही नहीं, अगर आप लैक्टोज इनटॉलरेंट हैं तो ऐसे में केले को दूध के साथ मिलाकर पीने से आपको काफी परेशानी हो सकती है।

## कैविटी का बढ़ जाता है रिस्क

केले में नेचुरल शुगर होती है, और जब शेक के रूप में इसे लिक्विड फॉर्म में पिया जाता है तो इससे वे दांतों पर चिपक सकते हैं। जिससे कैविटी का रिस्क कई गुना बढ़ जाता है। खासतौर से, अगर आप ओरल हाइजीन का सही तरह से ख्याल नहीं रखते हैं तो ऐसे में समय के साथ आपको दांतों से जुड़ी अन्य समस्याएं जैसे प्लाक बनने और दांतों की सड़न की शिकायत भी हो सकती है।

# आईपीएल फाइनल आज,तीनों सेना प्रमुखों को न्योता

### क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर', शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल का फाइनल मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम सिंदूर होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को



इनवाइट किया गया है। हालांकि, अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जाएगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा। BCCI सेक्रेटरी सचिव देवजीत सैकिया ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए हमने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के साथ-साथ अन्य सेना प्रमुखों, अधिकारियों और जवानों को अहमदाबाद में IPL फाइनल मैच देखने के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा- समापन समारोह हमारे सैनिकों को समर्पित BCCI देश के सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है। सेना के प्रति आभार के प्रतीक के रूप में हमने समापन समारोह सशस्त्र बलों को समर्पित करने और हमारे नायकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। भले ही क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून रहा है, लेकिन हमारे राष्ट्र की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

- 3976 ऐक्टिव केस,केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले

# देश में बढ़ रहा कोरोना, 24 घंटे में 6 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने कहा- कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, ढ्रष्ट बेड इत्यादि की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

**• अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की की गई जान**

**10 राज्यों में अब तक 34 की मौत-** मिजोरम में 7 महीने बाद कोविड का पहला केस मिला मिजोरम में 30 मई को 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के



अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, उस दौरान राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (ZMCH) में चल रहा है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के इंटीग्रेटेड रोग निगरानी कार्यक्रम (IDSP) ने लोगों से न घबराने की बात कही है। IDSP ने लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने, नियमित रूप से हाथ धोने, हैंड सैनिटाइजर का उपयोग करने और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में न जाने की सलाह दी है। महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि 31 मई को कोविड के 68 नए मामले सामने आए। वहीं मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक 411 केस मिले हैं।

## सद्गुरु की आवाज, चेहरा और पहनावा बेहद है खास

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाई कोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी उनकी आवाज, चेहरा, पहनावा, बोलने का अंदाज या और किसी भी तरीके से उनकी पहचान को बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं कर सकता खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए। दरअसल कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स AI तकनीक के जरिए सदगुरु की आवाज और वीडियो में बदलाव करके उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। इसे लेकर सदगुरु ने कोर्ट में याचिका दायर की कि उनकी पहचान का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि सद्गुरु की पहचान (जैसे उनका चेहरा, आवाज, पहनावा वगैरह) बिलकुल खास है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जा सकता। अगर इसे नहीं रोका गया तो यह गलत जानकारी फैलाने वाली महामारी की तरह इंटरनेट पर फैल सकती है। कोर्ट ने कई वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया है, जो सद्गुरु की नकली वीडियो और कंटेंट चला रहे थे। सोशल मीडिया कंपनियों को इन अकाउंट्स की जानकारी देने के लिए भी कहा गया है। इसके साथ ही, टेलीकॉम विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मिनिस्ट्री को भी निर्देश दिया गया है कि वो इस तरह की वेबसाइट्स और अकाउंट्स को ब्लॉक करें।

# सिक्किम में धंस गया पहाड़

**3 जवानों की मौत**

- मिलिट्री कैंप पर हुआ लैंडस्लाइड, 6 जवान लापता
- पूर्वोत्तर में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई



**इंफाल (एजेंसी)।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी आज रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर पर 'सीडीएस' के बयान ने दे दिया मौका

- कांग्रेस बोली-केंद्र संसद सत्र बुलाए,खड़गे ने कहा-मोदी खुद की तारीफ बंद करें

बेंगलुरु (एजेंसी)। कांग्रेस ने सैन्य और विदेश नीति पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान के सिंगापुर में दिए इंटरव्यू के बाद यह मांग की गई है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने PTI से कहा- सरकार सभी दलों और राष्ट्र को विश्वास में ले। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। PM या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को यह बताना चाहिए था कि जनरल चौहान ने सिंगापुर में क्या कहा है। दरअसल, CDS चौहान ने 31 मई को सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में ब्लूमबर्ग को इंटरव्यू में दिया। पाकिस्तान के भारतीय जेट को मार गिराने के दावों के सवाल पर उन्होंने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे। वहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को नसीहत दी है।



## टेस्ट के बाद वनडे और टी20 को भी हेनरिक क्लासेन ने कहा अलविदा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने निर्णय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार पर ध्यान देना चाहते हैं। बता दें कि, क्लासेन ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने वनडे और टी20 को भी अलविदा कह दिया है।

**सोशल मीडिया पर लिखी दिल की बात-** दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा- यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। मुझे यह तय करने में बहुत समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा है। यह वाकई बहुत कठिन फैसला था लेकिन मैं इस फैसले से पूरी तरह से संतुष्ट हूं।

**क्लासेन का अंतरराष्ट्रीय करियर-** हेनरिक क्लासेन ने तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व किया। उन्होंने चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने क्रमशः 104, 2141 और 1000 रन बनाए। क्लासेन को आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते देखा गया था।

# आईपीएल श्रेयस तीन टीमों को फाइनल में ले जाने वाले पहले कप्तान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पिछले छह साल में श्रेयस तीन अलग-अलग टीमों के साथ तीन अलग फाइनल में पहुंचे हैं। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं।

पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंच गई है। उसने रविवार को आईपीएल क्वालिफायर-दो के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हरा दिया। पंजाब की जीत के साथ यह तय हो गया कि आईपीएल 2025 की चैंपियन कोई नई टीम बनेगी। आरसीबी और पंजाब दोनों ने ही इससे पहले कभी खिताब अपने नाम नहीं किया है। श्रेयस अय्यर ने शानदार कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस पर जीत दिलाई। श्रेयस ने 41 गेंद में पांच चौके और आठ छक्के की मदद से 87 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

### आईपीएल नॉकआउट में सबसे सफल रन चेज

| लक्ष्य | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 204 | PBKS | MI | 2025 |
| 200 | KKR | PBKS | 2014 |
| 191 | KKR | CSK | 2012 |
| 189 | GT | RR | 2022 |
| 179 | CSK | SRH | 2018 |



### कब-कब आईपीएल में क्वालिफायर-1 और फाइनल में एक सी टीमें टकराईं

| साल | टीमें (क्वालीफायर-1 और फ़ाइनल) | खिताब विजेता |
|---|---|---|
| 2011 | सीएसके बनाम आरसीबी- | सीएसके |
| 2013 | सीएसके बनाम मुंबई- | मुंबई |
| 2014 | केकेआर बनाम पीबीकेएस- | केकेआर |
| 2015 | मुंबई बनाम सीएसके- | मुंबई |
| 2017 | आरपीएस बनाम मुंबई- | मुंबई |
| 2018 | सीएसके बनाम एसआरएच- | सीएसके |
| 2019 | मुंबई बनाम सीएसके- | मुंबई |
| 2020 | मुंबई बनाम डीसी- | मुंबई |
| 2022 | जीटी बनाम आरआर- | जीटी |
| 2023 | सीएसके बनाम जीटी | सीएसके |
| 2024 | केकेआर बनाम एसआरएच- | केकेआर |
| 2025 | आरसीबी बनाम पीबीकेएस | |

**श्रेयस का आईपीएल में जलवा-** पिछले छह साल में श्रेयस तीन अलग-अलग टीमों के साथ तीन अलग फाइनल में पहुंचे हैं। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं। श्रेयस इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ साल 2020 में और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 में आईपीएल फाइनल में पहुंच चुके हैं। उनकी कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल खिताब भी जीता था। अब वह इस साल पंजाब की टीम के साथ चैंपियन बनना चाहेंगे। श्रेयस को पंजाब ने मेगा ऑक्शन में 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

क्वालिफायर-1 में भी श्रेयस की पंजाब टीम और आरसीबी के बीच मुकाबला हुआ था। तब आरसीबी ने आसान जीत दर्ज की थी। पंजाब को आरसीबी ने 101 रन पर समेट दिया था। अब फिर से फाइनल में दोनों टीमें टकराएंगी। यह लीग के इतिहास में 12वीं बार है जब क्वालिफायर-एक और फाइनल में एक सी टीमें टकराएंगी।

**क्वालिफायर-दो में मुंबई हारी-** श्रेयस अय्यर की तूफानी पारी की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालिफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया। अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है। पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था, लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ी। पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाए और मैच जीत लिया। श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ था।

# आईपीएल-श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे दोनों कप्तान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है।

आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हुई थी श्रेयस-पाटीदार की टक्कर-** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी।



**तीन जून को मिलेगा नया चैंपियन-** अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

### श्रेयस ने मुंबई को दिलाई थी जीत

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था।

बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।



# पर्स में भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए ये 4 चीजें, हो जाएंगे कंगाल

वास्तु शास्त्र के मुताबिक पर्स में रखी कुछ चीजें व्यक्ति पर नकारात्मक असर डालती हैं और वो कंगाली की तरफ बढ़ता है. वास्तु के अनुसार पर्स में कुछ चीजें नहीं रखनी चाहिए. वास्तु शास्त्र सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा पर आधारित है. सकारात्मक ऊर्जा घर में सुख-समृद्धि लाती है जबकि नकारात्मक ऊर्जा जीवन में कई तरह की परेशानियां लेकर आता है. अगर आपके पास पैसे नहीं टिकते हैं या फिर घर में अक्सर ही आर्थिक तंगी बनी रहती है तो हो सकता है कि आप पर किसी तरह का वास्तु दोष हो. वास्तु शास्त्र के मुताबिक पर्स में रखी कुछ चीजें व्यक्ति पर नकारात्मक असर डालती हैं और इसकी वजह से वो कंगाली की तरफ बढ़ता है. वास्तु के अनुसार पर्स में कुछ चीजें बिल्कुल भी नहीं रखनी चाहिए.

### पर्स में भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए ये चीजें

अपने पर्स या वॉलेट में कभी भी नोटों को तोड़ मरोड़कर नहीं रखना चाहिए. रुपए-पैसे मां लक्ष्मी के प्रतीक माने जाते हैं और उन्हें अव्यवस्थित तरीके से रखने पर मां लक्ष्मी नाराज होती हैं. इसलिए पर्स में रुपए हमेशा व्यवस्थित ढंग से रखें.

पर्स में कभी भी कोई नुकीली या धातु से बनी चीजें नहीं रखनी चाहिए. माना जाता है कि पर्स में चाकू, पिन और चाबी जैसी चीजें रखने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं. इसके प्रभाव से व्यक्ति धीरे-धीरे गरीबी की ओर बढ़ने लगता है.

पर्स या वॉलेट में कभी भी कोई बिल या पुरानी रसीद जैसी चीजें ना रखें. पर्स में कागजों का ढेर लगाने पर राहु दोष लगता है जो धन हानि और बेवजह के खर्चों का कारण बनता है. इसलिए अपने पर्स से पुरानी चीजें हटा दें.

अपने पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए लेकिन उनकी तस्वीर कभी भी पर्स में नहीं रखनी चाहिए. इससे दोष लगता है. वास्तु शास्त्र के मुताबिक पूर्वजों की तस्वीरों को अपने घर की दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाना चाहिए. इसी तरह पर्स में कभी भी भगवान की तस्वीर भी नहीं रखनी चाहिए. भगवान की फोटो पूरे सम्मान से पूजा घर में लगाएं.

# घर का वास्तु दोष दूर करता है फिटकरी, जानें कैसे करें इस्तेमाल

घर पर मौजूद छोटी-छोटी वस्तुओं से आप वास्तु दोष दूर कर सकते हैं. इनमें से एक है फिटकरी. वास्तु दोष दूर करने के लिए फिटकरी काफी प्रभावी मानी जाती है. हिंदू धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व माना जाता है. वास्तु शास्त्र सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा पर आधारित है. सकारात्मक ऊर्जा घर में सुख-समृद्धि लाती है जबकि नकारात्मक ऊर्जा जीवन में कई तरह की परेशानियां लेकर आता है. घर का वास्तु खराब हो तो व्यक्ति मानसिक रूप से हमेशा परेशान रहता है. घर पर मौजूद छोटी-छोटी वस्तुओं से आप वास्तु दोष को दूर कर सकते हैं. इनमें से एक है फिटकरी. वास्तु दोष दूर करने के लिए फिटकरी काफी प्रभावी मानी जाती है. आइए जानते हैं फटकरी से जुड़े इन वास्तु उपायों के बारे में.



### फिटकरी से दूर करें घर का वास्तु दोष

घर का वास्तु दोष करने के लिए एक कटोरी में कुछ फिटकिरी के टुकड़े रख दें. इस कटोरी को घर के किसी ऐसे कोने में रखें जहां किसी की भी नजर इस पर न पड़े. इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा धीरे-धीरे दूर होने लगती है. समय-समय पर फिटकरी बदलते रहें.

लगातार प्रयास करने के बावजूद भी आपको अपने काम, व्यापार या नौकरी में सफलता नहीं मिल पा रही है तो इसका कारण भी वास्तु दोष हो सकता है. इसके लिए एक काले कपड़े में फिटकरी का टुकड़ा बांध लें. अब इसे घर या दुकान के मुख्य द्वार पर लटका दें इससे नकारात्मकता दूर होती है.

वास्तु दोष का असर घर के सदस्यों की सेहत पर भी पड़ता है. इसकी वजह से घर के लोग अक्सर बीमार रहते हैं. इसके लिए घर में पोंछा लगाने वाले पानी में फिटकरी डाल दें और इसी फिटकरी वाले पानी से घर पर पोंछा लगाएं. इससे घर के लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है.

वास्तु शास्त्र में दिशा और स्थान का विशेष महत्व होता है.घर में खिड़की और दरवाजे के आसपास फिटकरी का टुकड़ा रखने से घर में नकारात्मक ऊर्जा प्रवेश नहीं करती है. घर में अक्सर कलह-क्लेश रहता है तो इसे दूर करने के लिए एक शीशे की प्लेट में फिटकरी रखें और इस हर महीने बदलते रहें.

# क्या कहते आपके सितारे




**मेष** आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बढ़िया रहने वाला है। उनकी योजना से अच्छा फल मिलेगा। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की सलाह आपके खूब काम आएगी। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आप कोई फैसला थोड़ा सोच समझकर लें, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी, जिससे आपका धन को लेकर कोई काम नहीं रूकेगा।




**वृषभ** आज का दिन आपके व्यक्तित्व में निखार लेकर आएगा। आप अपने कामों में पूरे आत्मविश्वास से आगे बढ़ेंगे, जिससे उन्हें पूरा करके ही आगे बढ़ेंगे। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको किसी काम को करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है। आध्यात्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी।




**मिथुन** आज का दिन आपके लिए बहुत ही जोश से भरा रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से मन काफी खुश रहेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आज आपको तनाव बना रहेगा। जीवनसाथी यदि आपसे नाराज चल रही थी, तो आपको उन्हे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी।




**कर्क** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कोई महत्वपूर्ण फैसला बहुत ही सोच विचारकर लेने की आवश्यकता है। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। जीवनसाथी के लिए आप कोई सरप्राइज गिफ्ट लेकर आ सकते हैं। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा। आप अपने कामों को लेकर मनमौजी ना रहें। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे।




**सिंह** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामों पर पूरा ध्यान दें। आपको कुछ महत्वपूर्ण लोगों से बातचीत करते समय अपने कान और आंख खुले रखने होंगे। किसी नए काम की शुरुआत आप किसी एक्सपर्ट की राय लेकर करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी नई नौकरी से ऑफर आ सकता है, लेकिन अभी आप पुरानी में ही टिके रहे तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।




**कन्या** आज का दिन आपके लिए रुपए-पैसे के मामले में सावधान रहने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा, जिससे आपका मन भी परेशान रहेगा। आपको कोई लेनदेन खुलकर करना होगा, नहीं तो आपके साथ धोखा हो सकता है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेने की आवश्यकता है।




**तुला** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपके परिवार में कोई वाद-विवाद फिर से सिर उठाएगा। जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती हैं। आप किसी को भी बिना मांगे सलाह देने से बचें। आप जीवनसाथी के साथ मिलकर किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों से एक नई पहचान मिलेगी।




**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कारोबार में चल रही समस्याओं को लेकर किसी एक्सपर्ट से सलाह ले सकते हैं। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा। जो जातक नौकरी में कामों को लेकर परेशान हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको अपनी संतान से किए हुए वादे को भी पूरा करना होगा। आपको अपने पारिवारिक रिश्तों को बेहतर बनाए रखने के लिए अपने कामों पर फोकस बनाने की आवश्यकता है।




**धनु** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। टेक्निकल क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को किसी बड़े काम को करने का मौका मिलेगा। व्यापार में आपको अच्छा मुनाफा मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको अपने जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप बिजनेस को लेकर किसी यात्रा पर जा सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी।




**मकर** आज का दिन आपके लिए रूपए-पैसे के मामले में सोच समझकर चलने के लिए रहेगा। आप अपनी डाइट पर कंट्रोल करके रखें। दोस्तों के साथ घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं। आपको किसी काम में निवेश बहुत ही सोच समझकर करने की आवश्यकता है। आपको अपने जीवनसाथी से कुछ भी छुपाने से बचना होगा। निजी मामलों में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।





**कुंभ** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आप कामों को लेकर बेवजह टेंशन ना लें। वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। जीवनसाथी के साथ आपकी किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ एकांत में समय बिताएंगे। संतान को तरक्की करते देख आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर आपको खुशी होगी।




**मीन** आज का दिन आपके लिए समस्याओं भरा रहने वाला है। आप कार्य क्षेत्र में अपने बॉस से कोई जरूरी बात करने में सोच विचार अवश्य करें। यदि आप धन की कमी को लेकर लंबे समय से परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या दूर हो सकती है, क्योंकि आपको रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। किसी काम को करने में आपको अपने भाइयों से मदद लेनी होगी, तभी उसके पूरे होने की संभावना है। संतान किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं।


G. KACHHOMAL
ALL KINDS OF SWEETS & SNACKS
WE ALSO ACCEPT PARTY ORDERS
Raju K.Panjwani - 2531293, 3211365
Rakesh K. Panjwani - 9890359000
Shop No. 132, Opp. Mat Mandir, Ulhasnagar-5.

SHREE Rajaveer FOOD PRODUCTS
T.S.Chandwani
Specialist In :- Bread, Cake & Biscuits
Fact.: Amar Dye Rd., Near Shahad Cabin, Ulhasnagar-1. Tel. 2546079
Office : Baba Sai Nagar, Block A252/504, Ulhasnagar-4. Tel. 2527034



Hotel Ambrosia
Dayanand Shetty
2713001, 2712002, 2712003, 2564257
Opp. Vithalwadi Rly, Station (W), Ulhasnagar-421003.

Hotel VEEJAYS
Lodging and Boarding
24 Hours Room service available
Ulhasnagar Station Road, Burner Galli, Sukhdev Compound, Ulhasnagar-3
Tel. : 02512570009
Mob. : 07083880259




Makhija Construction
25 YEARS Experience
BUILDING QUALITY TRUST
✦ Email : makhijaconstruction@gmail.com, makhijaconstruction@hotmail.com
✦ Hollywood Apartment, Shop No. 2 & 3, Opp., ICICI Bank, Near Chopra Court, Ulhasnagar-3 Ph.0251-2563555



प्रकाशक, मुद्रक, मालिक संपादक श्री टीकम (टोनी) जे. लालवानी ने जय श्रीकृष्णा प्रिंटिंग प्रेस से छपवाकर मातोश्री मोहिनी बाई पैलेस, बैरक नंबर 427, रूम नंबर 15, निरंकारी हॉल के पीछे, उल्हासनगर-421001, जिला ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया।
RNI No. 68359/93,
( सभी प्रसंगों का न्याय क्षेत्र उल्हासनगर रहेगा )


दैनिक 'धनुषधारी' में छपने वाली विज्ञापनों की सत्यतता की जिम्मेदारी हमारी अखबार प्रबंधन की नही है। विज्ञापन में छपने वाले उत्पाद खरीदने, बेचने या किसी भी व्यवसाय या नौकरी लेने-या देने की जिम्मेदारी पाठक की खुद की रहेगी। -प्रबंधन।

# लक्जरी कार से डकैती डालने की तैयारी कर रहे चार लोग गिरफ्तार, 4 पिस्तौल, बीएमडब्ल्यू कार जब्त



भिवंडी (नि.सं.)। शहर में बीएमडब्ल्यू कार से आकर डकैती डालने की तैयारी कर रहे चार लोगों को शांतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से एक बीएमडब्ल्यू कार, दो देसी कट्टे, दो पिस्तौल सहित कुल 17.35 लाख रुपए का माल जब्त कर लिया है। उक्त जानकारी शांतिनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। गिरफ्तार आरोपियों के नाम शोएब शेख (23), नौशाद आलम खान (22), अफताब शेख और शहाबुद्दीन अंसारी (20) हैं।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार की मध्यरात्रि के करीब शांतिनगर पुलिस स्टेशन की एक गश्ती टीम वंजारपट्टी नाका इलाके के शानदार मार्केट के पास गस्त कर रही थी। उसी पुलिस ने शानदार मार्केट के पास स्थित खुले मैदान के पास सड़क के किनारे पांच लोगों को संदेहास्पद स्थिति में देखा। पांचों लोग हथियार और अग्न्यास्त्रों के साथ डकैती डालने की तैयारी कर रहे थे। शांतिनगर पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल प्रशांत बर्वे को यह सूचना मिली। उन्होंने यह जानकारी अपने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड को दी। जिसके बाद उनके साथ पुलिस निरीक्षक अपराध अतुल अडूरकर एवं पुलिस निरीक्षक (प्रशासन) विनोद पाटील के मार्गदर्शन में जांच टीम के सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे, सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश गायकर, पुलिसकर्मी रिजवान सैय्यद, नीलेश महाले, लक्ष्मण सहारे, प्रशांत बर्वे, रोशन जाधव, दीपक सानप, भूषण पाटील की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क किनारे खड़ी संदिग्ध बीएमडब्ल्यू कार के पास जा ही रहे थे कि कार चालक ने कार भगाने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा करके बीएमडब्ल्यू कार क्रमांक एमएच 02 बीजेड 5671 को रोक लिया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर एक आरोपी फरार हो गया, जबकि कार में सवार शोएब शेख, नौशाद खान, अफताब शेख, शहाबुद्दीन अंसारी को हिरासत में लेकर उनकी कार की तलाशी ली गई। जिसमें उनके पास से दो देसी कट्टे, दो देसी पिस्तौल, एक लोहे की छैनी, लोहे की रॉड, रस्सी, तीन कपड़े के मास्क, मिर्च पाउडर, एक थैली में सफेद रंग के 4 जोड़े हैंडग्लोव्स, चाकू, सेलो टेप, मोबाइल और एक बीएमडब्ल्यू कार सहित कुल 17.35 लाख रुपए का माल बरामद हुआ।

डकैती की तैयारी करते समय पकड़े गए इन चार आरोपियों के विरुद्ध शांतिनगर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 310 (4), 310 (5) सह शस्त्र अधिनियम 3, 25 सह महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37 (1), 135 और मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 3/181 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने शनिवार को चारों लोगों को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने इन चारों आरोपियों को 4 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# भिवंडी में एटीएस का कॉम्बिंग ऑपरेशन

## सुबह 22 ठिकानों पर छापेमारी में संदिग्ध वस्तुएं जब्त





भिवंडी (नि.सं.)। मुंबई-नाशिक राष्ट्रीय महामार्ग पर भिवंडी तालुका के पड़घा के पास स्थित बोरिवली गांव जिसे आतंकवादी गतिविधियों में शामिल कुख्यात साकिब नाचण के गांव के रूप में जाना जाता है, वहां सोमवार को तड़के तीन बजे मुंबई एटीएस (एंटी-टेररिज्म स्क्वाड) टीम ने कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया. इस दौरान कुल 22 ठिकानों पर छापेमारी करके संदिग्ध सामान जब्त किया गया है।

कार्रवाई के दौरान ठाणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. डी.एस. स्वामी के मार्गदर्शन में ठाणे ग्रामीण और रायगढ़ ग्रामीण के 350 से अधिक पुलिसकर्मी, अधिकारी और रैपिड एक्शन फोर्स के जवान पूरे गांव को घेर चुके थे. वहीं, मुंबई एटीएस टीम के लगभग 100 अधिकारी और कर्मचारियों ने गांव में साकिब नाचण सहित कई अन्य के घरों में तलाशी अभियान चलाया. मुंबई एटीएस टीम के साथ-साथ ठाणे और नाशिक की 20 टीमों ने भी इस कार्रवाई में हिस्सा लिया. सोमवार तड़के 3 बजे शुरू हुई यह कार्रवाई दस घंटे बाद दोपहर 1 बजे पूरी हुई। इस कार्रवाई में बोरिवली गांव में साकिब नाचण के घर में जमानत पर छूटे आकिब नाचण सहित कुल 22 घरों में तलाशी अभियान चलाया गया. वहां से संदिग्ध व्यक्तियों के मोबाइल हैंडसेट, तलवार, चाकू, संपत्ति से संबंधित संदिग्ध दस्तावेज और आतंकवाद व भड़काऊ उत्तेजना फैलाने वाले आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये गये है।

हालांकि, एटीएस सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया था, लेकिन जिन संदिग्ध व्यक्तियों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं. उनमें यदि कोई आपत्तिजनक सामग्री पाई जाती है, तो एटीएस उन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाएगी. तड़के से शुरू हुई इस कार्रवाई के बारे में पुलिस प्रशासन द्वारा अत्यधिक गोपनीयता बरती गई थी. कुल 22 टीमों में महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे, ताकि किसी भी घर में महिलाओं द्वारा इस कार्रवाई में बाधा न डाली जाए, इसकी सावधानी बरती गई थी. 9 दिसंबर 2023 को दिल्ली की एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) टीम ने साकिब नाचण सहित गांव के 15 लोगों को हिरासत में लिया था. इससे पहले भी इसी गांव से पुणे के आतंकवादी मॉड्यूल के तीन लोगों के साथ-साथ साकिब नाचण के बेटे आकिब को भी हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई थी. इस कार्रवाई के बाद सोमवार तड़के हुई यह कार्रवाई बड़ी है, और एक बार फिर बोरिवली में आतंकवादी कृत्यों की चर्चा हर जगह हो रही है।

# 6 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार



भिवंडी (नि.सं.)। भिवंडी शहर के एक मोबाइल एक्सेसरीज विक्रेता को 70 लाख रुपए का कर्ज दिलाने का वादा करके उसके नाम पर विभिन्न कंपनियों से कुल 6 करोड़ रुपए का कर्ज लेने वाले 24 लोगों के गिरोह के मुख्य सरगना को भिवंडी तालुका पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। धोखाधड़ी का शिकार हुआ युवा व्यवसायी का नाम नरपतकुमार चौधरी (26) है। इस मामले में पुलिस ने सूरजपाल सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार नरपतकुमार चौधरी ने सितंबर 2019 में भिवंडी शहर में मोबाइल एक्सेसरीज की दुकान शुरू की थी। दुकान के लिए सामान खरीदने के सिलसिले में वह जी पॉवर एंटरप्राइजेस के सूरजपाल सिंह चौहान के संपर्क में आया था। 2020 में उसने अपनी एक्सेसरीज बनाने वाली कंपनी शुरू करने की इच्छा व्यक्त की। इसके लिए जरूरी 70 लाख रुपए की इंजेक्शन मोल्डिंग मशीन खरीदने के लिए 63 लाख रुपए का कर्ज दिलाने में सूरजपाल सिंह चौहान ने मदद करने की बात कही। उसने अपने परिवार के सदस्य पिता अजितसिंह चौहान, भाई विक्रमसिंह चौहान, महिपालसिंह चौहान, राजेश कुमार कोहर, चार्टर्ड अकाउंटेंट करण अशोकलाल रांका, वसंत दवे, जगमालसिंह शिवसिंह, जोगडिंह चौहान, तनवीरसिंह, केसरसिंह दहिया, लालसिंह दहिया, मदनसिंह राव, महेंद्रसिंह, महावीर कोठारी, नरपतसिंह चौहान, शेवनकुमार सुधार, संगीता, पुनीत गुप्ता, दिनेशकुमार चौधरी, हंजाराम चौधरी, हरसनराम देवासी और बलवंतसिंह दहिया ने नरपतकुमार चौधरी को कर्ज दिलाने के लिए उसके दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिया। उसे समय-समय पर कर्ज दिलाने का आश्वासन देते रहे।

2020 से 2023 के दौरान उन्होंने उसके बैंक दस्तावेजों का दुरुपयोग कर्ज लेने के लिए किया। उन दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न बैंकों और निजी वित्तीय संस्थानों से कुल 6.29 करोड़ रुपए का कर्ज लेकर वह पैसा अपने बैंक खातों में ट्रांसफर कर धोखाधड़ी की। यह पता चलने पर नरपतकुमार चौधरी ने अक्टूबर 2024 में भिवंडी ग्रामीण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद सूरजपाल सिंह चौहान और उसके 23 साथियों सहित कुल 24 लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया। इस मामले के मुख्य सरगना सूरजपाल सिंह चौहान को शनिवार को भिवंडी तालुका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उसे भिवंडी न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने उसे चार जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक किरण म्हसकर कर रहे हैं।

# आंदोलन की चेतावनी देते ही सफाई कर्मियों को मिला वेतन



नवी मुंबई (सनी पांडेय)। सफाई कर्मियों द्वारा मनपा ठेकेदार से 3 महीने से वेतन न मिलने पर आयुक्त के बंगले के बाहर सोमवार से भीख मांगकर प्रदर्शन करने की चेतावनी देने के बाद सफाई कर्मियों को वेतन मिलना शुरू हो गया. इस पर संज्ञान लेते हुए घनकचरा विभाग के उपायुक्त संतोष वारुले ने संबंधित ठेकेदार को आड़े हाथों लिया. इसके बाद ठेकेदार ने तुरंत इन कर्मचारियों का वेतन सोमवार को दे दिया. यह आंदोलन समाज समता कामगार संगठन के नेतृत्व में होना था. इन कर्मचारियों को सोमवार को दो महीने का वेतन नकद दिया गया. साथ ही शेष वेतन, भविष्य निधि और अन्य राशि जल्द से जल्द दिये जाने का आश्वासन ठेकेदार द्वारा दिया गया।

जानकारी के अनुसार ठेकेदार एस.एन.महात्रे ने घनसोली गुट क्रमांक 72 के सफाई कर्मियों को 3 महीने से वेतन नहीं दिया था. साथ ही ठेकेदार ने 14 महीने से भविष्य निधि का भुगतान भी नहीं किया था. जीवन निर्वाह भत्ते का बकाया भी नहीं दिया गया था. इस कारण मजदूर और उनके परिवार पर वेतन के अभाव में भूखमरी का संकट आ गया था. इसके विरोध में कर्मचारियों ने नवीमुंबई मनपा के घनकचरा विभाग के डिप्टी कमिश्नर संतोष वारुले से मुलाकात की और वेतन का तत्काल भुगतान करने की मांग की. संगठन के महासचिव मंगेश लाड ने चेतावनी देते हुए कहा कि, अगर सोमवार तक बकाया वेतन नहीं मिला तो वे कमिश्नर के आवास के बाहर भीख मांगकर विरोध प्रदर्शन करेंगे. कर्मचारियों की इस चेतावनी का असर हुआ और सोमवर को उन्हें दो माह का बकाया वेतन दे दिया गया, जबकि अन्य बकाया भी जल्द देने का आश्वासन ठेकेदार द्वारा दिया गया।

# लड़कियों को देह व्यापार में धकेलने वाली महिला को 14 साल की कठोर सजा

ठाणे (नि.स.)। आर्थिक रूप से गरीब, 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली और उनके जरिए रैकेट चलाने वाली एक दलाल महिला को ठाणे पोक्सो कोर्ट के न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने पीटा एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए उसे 14 साल की कठोर सजा सुनाई है। यह मामला 2014 का है।

मिली जानकारी के मुताबिक समाज सेवा शाखा ने फर्जी ग्राहकों को एक जगह भेजा जहां देह व्यापार चल रहा था। वहां देह व्यापार का धंधा चला रही महिला ने लड़कियों के बदले 50 हजार रुपये मांगे। उसके बाद फर्जी ग्राहक ने महिला को पैसे देने में तत्परता दिखाई। जब महिला साउथ कोस्ट होटल में दो लड़कियों को लेकर आई तो उसे हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लेने के बाद महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। ठाणे जिला सत्र न्यायालय के विशेष पॉक्सो न्यायाधीश डी.एस. देशमुख की अदालत में इस मामले की सुनवाई चल रही थी। इसमें सरकारी वकील रेखा हिवराले द्वारा दी गई दलील में महिला ने स्वीकार किया कि वह इन स्कूली लड़कियों की गरीबी का फायदा उठाकर देह व्यापार कर रही थी। साक्ष्य की पुष्टि करने के बाद न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने महिला दलाल को दोषी पाया। इसके बाद न्यायाधीश डी.एस. देशमुख ने महिला को 14 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही महिला पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया।

BH Capital

ONE STOP SOLUTION FOR ALL YOUR BUSINESS FINANCIAL NEEDS

UNSECURED BUSINESS LOAN
UNSECURED CORPORATE LOAN
UNSECURED MACHINERY LOAN
UNSECURED WORKING CAPITAL - CC / OD FACILITY
UNSECURED SALES & PURCHASE BILL DISCOUNTING
LOAN AGAINST PROPERTY

Ajay (MBA-Finance)
9321457879

MUMBAI OFFICE: A-5, 3RD FLOOR, CHADHA APARTMENT PREMISES CO-OP. SOC. LTD., TELI GALLI CROSS LANE, OPP. GINGER HOTEL, ANDHERI (E) - 400 069.
REGISTERED OFFICE: OFFICE NO. 7, B WING, PALI HILL APARTMENT, NEAR SADHU VASWANI STATUE, GOL MAIDAN, ULHASNAGAR - 421 002.

E-mail: info@bhcapital.in | www.bhcapital.in

نوجیون کو آپریٹو بئنک لمیٹیڈ
THE NAV JEEVAN CO.OP.BANK LTD.
ESTD. 1985
NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.

Head Office : Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.

Tel.No. 0251-2572101, 2568541/ Fax 2567523
Visit us at : *www.navjeevanbank.com*

Services Available

- ✓ Different types of Deposits schemes with attractive Deposits Rates.
- ✓ All types of Loans & Advances facilities with competitive Rate
- ✓ 24x7 NEFT / RTGS Services.
- ✓ Safe and secure Moblie Banking Service with NEFT & RTGS Services.
- ✓ Franking Service in Ulhasnagar and Thane
- ✓ Insurance service through corporate Partners.

*-: Upcoming Service :-*

Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

# दो रिक्शा चालकों के बीच हुई जमकर मारपीट

कल्याण (नि.स.)। कल्याण में दो रिक्शा चालकों के बीच मारपीट का वीडियो सामने आया है। घटना कल्याण के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर हुई। दोनों रिक्शा चालकों ने एक-दूसरे की बेरहमी से पिटाई की। मारपीट में एक रिक्शा चालक घायल हो गया। जबकि दूसरे को दौरा पड़ा। दोनों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मालूम हो कि कल्याण में रिक्शा चालकों की करतूत हमेशा देखने को मिलती है। कल्याण में कुछ रिक्शा चालक यात्रियों को धमकाते नजर आते हैं।

दरअसल कल्याण के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर रिक्शा चालकों के बीच किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट के दौरान उनमें से एक को दौरा पड़ गया। होश में आने के बाद युवक सीधा सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद कुछ लोग उसकी मदद के लिए दौड़े। इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज होने की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। हालांकि, रिक्शा चालकों के बीच हुई मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# शौचालय बनाने को लेकर हुए विवाद में किया जानलेवा हमला

कल्याण (नि.स.)। कल्याण के उंबर्डे गांव में घर के बाहर शौचालय बनाने के विवाद में कुछ युवकों ने पड़ोस में रहने वाले युवक विक्रांत जाधव पर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पीड़ित बाल-बाल बच गया। उसका कल्याण के रुक्मिणीबाई अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस मामले में खड़कपाड़ा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याण पश्चिम के उंबर्डे इलाके में विजय जाधव अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके बगल में गायकवाड़ परिवार रहता है। जिस घर में विजय जाधव रहते हैं, उस घर की जमीन पर गायकवाड़ परिवार ने दावा किया है। इस जमीन को लेकर जाधव और गायकवाड़ के बीच कई सालों से विवाद चल रहा है। विजय जाधव ने घर के बगल में शौचालय बनाने का काम शुरू किया तो गायकवाड़ परिवार ने इसका विरोध किया। एक सप्ताह पहले जब शौचालय निर्माण का काम चल रहा था, तब गायकवाड़ परिवार ने काम को बीच में ही रोकने की कोशिश की थी। काम शुरू होने पर जान से मारने की धमकी दी थी। साथ ही 2 लाख रुपए की मांग भी की थी, ऐसा विजय जाधव ने पुलिस को बताया। आज सुबह विजय का बेटा विक्रांत घर के बगल वाले इलाके में पानी भरने गया था। तभी गायकवाड़ परिवार के युवकों ने तलवार से विक्रांत पर जानलेवा हमला कर दिया ऐसा विजय जाधव ने पुलिस को बताया।

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that DILIP LUMAR LOHANA R/AT 403, A PALLI HILL APT GOAL MAIDAN ULHASNAGAR- 421002, THANE, MAHARASHTRA, INDIA MOBILE NO-9011469131 is Applying to the Collector, to the Secretary, to the Government of India in the Ministry of Home Affairs For naturalization and that any person who known any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Collector or Secretary.

## PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that 1) Kumar Lal 2) Kumari Devi 3) Goutam Kumar Flat no. 604 Satguru Residency Near Flower Valley Ulhasnagar, Thane, Maharashtra - 421003 MOBILE NO - 9665788799.is Applying to the Collector, to the Secretary, to the Government of India in the Ministry of Home Affairs For naturalization and that any person who known any reason why naturalization should not be granted should send a written signed statement of the facts to the said Collector or Secretary.

## आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से मैं प्रियंका नन्दलाल भाटिया आम जनता को सूचित करना चाहती हूँ कि मैंने श्रीमती भावना मदन मुरपानी से उनकी मालकी वाली प्रापर्टी का सौदा नोटरी सेल एग्रीमेंट सीरियल नंबर 70, दिनांक 23/05/2025 के माध्यम से किया है। प्रापर्टी का विवरण है:- शॉप, बैरक नंबर 104-ए/12 के सामने, शिवरोड़, उल्हासनगर-1 तथा जिसका उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में प्रापर्टी नंबर 06एओ014526100 है।

उक्त प्रापर्टी को मैं प्रियंका नन्दलाल भाटिया अपने नाम पर करवाने हेतु उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग में अर्ज करने जा रही हूँ। अत: इस प्रापर्टी के संदर्भ में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को किसी भी प्रकार का कोई भी लेना-देना हो या वाद-विवाद हो तो वे इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर उल्हासनगर मनपा के टैक्स विभाग के उपायुक्त से संबंधित कागजातों के साथ लिखित में संपर्क करें। 7 दिनों बाद आये किसी भी ऐतराज को मान्य नहीं किया जायेगा और चेंज ऑफनेम की यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

**सही:- प्रियंका नन्दलाल भाटिया।** (U)

# ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले चोर को जूते से पहचान कर किया गिरफ्तार

मुंबई (नि.स.)। मुंबई पुलिस ने बिना किसी ठोस सबूत के एक बेहद पेचीदा केस को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। दरअसल एक महीने पहले ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले चोर को पकड़ने की कोशिश कर रही मुंबई पुलिस की टीम ने आरोपी को आखिरकार उसके जूते से पहचान कर उसे उत्तर प्रदेश में ढूंढ निकाला है। यह कारनामा कर दिखाया है मुंबई की मालाड पुलिस ने। जूते की मदद से चोर की पहचान करने और उसे उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तारीफ हो रही है। गिरफ्तार किए गए शख्स का नाम मुकीम मतीन खान है और उसकी उम्र 30 साल है। पुलिस ने इस शख्स को 26 मई को मालाड पश्चिम की एक ज्वेलरी शॉप से चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इससे पहले उसने 28 अप्रैल को भी इसी तरह की चोरी की थी।

खान ने मालाड स्टेशन के सामने रतनकला ज्वेलरी शॉप में पीछे की तरफ लगे विंडो एसी यूनिट से प्रवेश किया था और करीब 4 लाख 99 हजार रुपए के आभूषण चुरा लिए थे। मई में हुई एक अन्य चोरी की कोशिश के रिकॉर्ड की मदद से ही उसे अप्रैल की चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार 28 अप्रैल को हुई चोरी की घटना के बाद ज्वेलरी शॉप के मालिक द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद मालाड पुलिस ने 29 अप्रैल को बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इस बीच पुलिस से बचने के लिए आरोपी बार-बार कपड़े बदलता था। जोन 11 के पुलिस उपायुक्त आनंद भोईटे, एसआई विजय पनहाले, पीएसआई तुषार सुखदेव और एपीआई दीपक रेवाडे के मार्गदर्शन में चोर की तलाश की जा रही थी। शुरू में आरोपी के बारे में पुलिस को कोई ठोस सबूत नहीं मिला। ज्वेलरी शॉप और आस-पास के इलाके से सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। हालांकि, रात में कम रोशनी के कारण उसका चेहरा साफ नहीं दिख रहा था। इसके बावजूद पुलिस ने हार नहीं मानी। जांच दल ने आरोपी के भागने के रास्ते का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की और उसकी हरकतों पर नजर रखना जारी रखा।

पुलिस को गुमराह करने के लिए खान ने अपने कपड़े और यात्रा का रास्ता बदल लिया था। लेकिन वह अपनी चप्पल बदलना भूल गया था। उसकी यह छोटी सी गलती बड़ी साबित हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में अलग-अलग फुटेज से पहचान के तौर पर चप्पल का इस्तेमाल कर उसे घाटकोपर तक ट्रैक किया। पुलिस टीम ने आखिरकार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने अपराध कबूल किया और कहा कि उसने चोरी के गहने बेचकर 2 लाख रुपये की मोटरसाइकिल खरीदी थी और बाकी रकम खर्च कर दी थी। गिरफ्तारी के बाद, आरोपी को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई लाया गया। बाद में उसे बोरीवली अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेज दिया है।